
# युवाओं के रोल मॉडल बने छिन्दवाड़ा के प्रगतिशील कृषक राहुल कुमार वसूले

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के राहुल कुमार वसूले एक ऐसे कृषक हैं जो इंजीनियर और मैनेजमेंट ग्रेजुएट होने और लगभग 15 साल पावर प्लांट में इंजीनियर की नौकरी करने के बाद अंतत: 2018 में नौकरी छोडकर अब प्राकृतिक व गौ.आधारित जैविक कृषि और पशुपालन के माध्यम से अत्याधुनिक खेती कर कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के दृष्टिगत मिलेट्स उत्पादन और मिलेट्स के खाद्य प्रसंस्करण द्वारा नवरत्न आटा बनाने की इकाई लगाई है जिससे उन्हें अपनी एक अलग पहचान मिली है।



**तीन दिसंबर को नेशनल अवॉर्ड से हुए सम्मानित**

एक से तीन दिसंबर 2024 तक आई.ए.आर.आई मेला ग्राउंड पूसा दिल्ली में आयोजित एम.एफ.ओ.आई. अवार्ड सेरेमनी में कृषक राहुल कुमार वसूले को 3 दिसंबर को मिलेनियर फॉर्मर ऑफ इंडिया 2024 के नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। युवाओं के लिए रोल मॉडल बनने और नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित होकर जिले का गौरव बढ़ाने के लिए कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने कृषक श्री वसूले को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

उल्लेखनीय है कि यह मिलेनियर फॉर्मर ऑफइंडिया अवार्ड का नेशनल अवॉर्ड भारत की प्रमुख कृषि पत्रिका कृषि जागरण, आई.सी.ए.आर., पूसा एवं सभी कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से आयोजित किया गया है। इस प्रकार किसानों का प्रोत्साहन आने वाले भविष्य में कृषि क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति जरूर लाएगा।

**मिल चुके हैं कई अवॉर्ड**

समाज में रसायनों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए कृषक राहुल कुमार वसूले को पूर्व में भी कई अवार्ड्स से सम्मानित किया जा चुका है। 23 सितंबर 2022 को ताज होटल आगरा में आयोजित जैविक इंडिया अवार्ड में उन्हें प्रथम स्थान मिला है, सन 2023 में स्वर्गीय प्रभाकर राव केलकर की स्मृति में आयोजित मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का गौ आधारित जैविक कृषि का अवार्ड प्रमुख है।

**जैविक खेती के साथ ही करते हैं दुग्ध उत्पादन**

कृषक राहुल कुमार वसूले अनाज, सब्जियों व मशरूम उत्पादन के साथ ही दुग्ध उत्पादन का कार्य भी कर रहे हैं, जिससे जिले के अन्य कृषक भी प्रेरित होकर जैविक व प्राकृतिक खेती करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। अत्यंत शिक्षित श्री वसूले एक प्रसिध्द कंपनी में 15 लाख रूपये का पैकेज छोड़कर प्राकृतिक व जैविक कृषि के माध्यम से अब प्रति वर्ष लगभग 1.5 करोड़ रूपये से अधिक का टर्नओवर प्राप्त कर रहे हैं।

छिंदवाड़ा के प्रगतिशील कृषक राहुल कुमार वसूले ने बी. टेक और एम.बी.ए. की शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने अपने पिता को पहले कोलोन कैंसर से एवं अपने 3 वर्ष के पुत्र को ब्रेन ट्यूमर से खोया है। ये दो कारण काफी थे उन्हें ये सोचने और समझने के लिए कि इन सब खतरनाक बीमारियों के पीछे की असली वजह रासायनिक खेती से उत्पन्न अनाज और सब्जियां ही हैं, जिससे उनका मन परिवर्तित हुआ और उन्होंने नौकरी छोड़कर जैविक खेती को अपना ध्येय बनाया। जैविक खेती करने के लिये उन्होंने सबसे पहले देश के विभिन्न संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त किया और कृषि विभाग के अधिकारियों व कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों से मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। जिसमें प्रमुख रूप से रीजनल सेंटर ऑफ ऑर्गेनिक फार्मिंग, साइंटिफिक वे ऑफ डायरी फार्किंग, मशरूम फार्मिंग, इंडो इसराइल प्रोजेक्ट द्वारा संरक्षित खेती इत्यादि से ट्रेनिंग सम्मिलित है।

कृषि विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यशालाओं में सहभागिता कर उन्होंने गोबर, गौमूत्र, नीम आदि का उपयोग कर जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र और अन्य जैविक खाद, केंचुआ खाद आदि बनाना सीखा एवं अब अपनी खेती में इसका भरपूर उपयोग कर रहे हैं। उनके पास 10 एकड भूमि है जिसमें वे जैविक खेती कर रहे हैं। खेती में कुछ परिवर्तन और जैविक पध्दति के उपयोग से उनकी वर्तमान स्थिति काफी सुखद है।

**जैविक खेती से उगा रहे हैं तरह.तरह की सब्जियां**

प्रगतिशील कृषक राहुल कुमार वसूले द्वारा जैविक खेती से विभिन्न सब्जियों टमाटर, फ्रेंचबीन, ब्रोकली, फूलगोभी, तरबूज, ककडी व अन्य सब्जियों की खेती कर विपुल उत्पादन प्राप्त किया जा रहा है। अनाज में गेंहू, मक्का, तुअर, चना, मूंग, मोठ एवं मोटे अनाजों (मिलेट्स) में ज्वार, बाजरा, रागी आदि की खेती भी की जा रही है। खेती के अलावा पशुपालन व दुग्ध उत्पादन और मशरूम का भी उत्पादन किया जा रहा है। वर्तमान में रबी, खरीफ और जायद तीनों मौसम में वे फसलों से पैदावार प्राप्त कर रहे हैं। समय-समय पर विभागीय अधिकारियों से मिलकर नवीन तकनीक की जानकारी भी प्राप्त कर उसे कृषि में अपना रहे हैं। जैविक खेती का एक अच्छा परिणाम यह देखने में आया कि अब उनके खेत में काफी संख्या मे केंचुये दिखाई देते हैं, जिससे मृदा की ऊर्वरक क्षमता में भी वृध्दि हुई है और ऑर्गेनिक कार्बन भी बढ़ गया है। आसपास के ग्रामों के किसानों ने उन्हें इस तरह की जैविक खेती करते देखा तो वे भी काफी प्रभावित हुये हैं और अब कुछ रकबे में रसायन मुक्त खेती कर रहे हैं।

**अंतर्राज्यीय स्तर पर कर रहे हैं निर्यात**

कृषक राहुल कुमार वसूले द्वारा उत्पादित गेहूं, चना व मूंग, ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी आदि और गुड़ का पाउडर एवं हल्दी व मिर्ची के पाउडर का अंतर्राज्यीय स्तर पर गुड़गांव, नोयडा, पुणे, मुंबई, नागपुर आदि क्षेत्रों में निर्यात किया जा रहा है। ये सभी वस्तुयें पी.जी.एस. सर्टिफाइड जैविक वस्तुयें हैं, जिनकी अत्यधिक मांग है। इस कार्य से 25 से 30 व्यक्तियों को भी रोजगार मिल रहा है।

## सार-समाचार

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से कैंसर से पीड़ित को इलाज के लिए मिली दो लाख 50 हजार की आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक की पहल पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से एवं मुख्यमंत्री सहायता कोष से छिंदवाड़ा, पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के इलाज के लिए लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सांसद की पहल पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मोहखेड़ तहसील के अंतर्गत ग्राम कामठी निवासी मोटू झड़ाने पिता बुद्धू झड़ाने को कैंसर के उपचार के लिए 2 लाख 50 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### मुख्यमंत्री सहायता कोष से मिली 40 हजार की आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री सहायता कोष से चौरई तहसील के अंतर्गत ग्राम नीलकंठी निवासी के प्रहलाद सिंह पिता विजय सिंह वर्मा को 40 हजार की आर्थिक सहायता इलाज के लिए उपलब्ध कराई गई है। आर्थिक सहायता मिलने से प्रहलाद की सिर की गंभीर बीमारी का इलाज हो सकेगा।आर्थिक सहायता मिलने पर परिजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी और सांसद का आभार व्यक्त किया है। परिजनों ने सांसद से मिलकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मांग की थी। सांसद के प्रयासों से इलाज के लिए राशि स्वीकृत हुई है।

### केन्द्रीय विद्यालय का नाम राष्ट्र संत जैनाचार्य विद्यासागर के नाम से हो : सांसद विवेक बंटी साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने जैन समाज की मांग पर केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी से केन्द्रीय विद्यालय का नाम राष्ट्र संत जैनाचार्य श्री विद्यासागर के नाम कराने का अनुरोध किया है। उल्लेखित है की श्रद्धेय श्री विद्यासागर जी महाराज का जन्म, लालन-पालन, शिक्षा ग्राम सदलगा मे ही सम्पन्न हुई है। इसके बाद उन्होंने अपने जीवन काल के 57 वर्षो तक पदयात्रा कर मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिए प्रयास किये है और इसी वर्ष उन्होंने इस संसार से विदा होते हुए सल्लेखना पूर्वक समाधिकरण हुआ है। जैन धर्मवलंवियों द्वारा प्रस्तुत पत्र में जैनाचार्य जी के जीवन काल में किये गये कार्य का विस्तार से उल्लेख किया है जो कि उनकी समाज, राष्ट्र, मानव सेवा को प्रदर्शित करते हुए उनकी स्मृतियों को भी प्रदर्शित करता है। सांसद ने मंत्री जी से अनुरोध किया है कि ग्राम सदलगा तहसील चिक्कोड़ी, जिला बेलगामी कर्नाटक में संचालित केन्द्रीय विद्यालय का नामकरण राष्ट्र संत जैनाचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के नाम पर हो।

### धान उपार्जन नीति 2024-25 जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित छिंदवाड़ा में प्रशिक्षण कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित धान उपार्जन नीति के तहत जिले में धान उपार्जन कार्य 2 दिसंबर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक संचालित किया जाएगा। इसके तहत 3 दिसंबर 2024 को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित छिंदवाड़ा में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय समिति के सदस्यों के साथ सभी संबंधित समिति प्रबंधक, खरीदी प्रभारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपार्जन समितियों को शासन की नीति के अनुसार आवश्यक भौतिक सुविधाएं एवं मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपार्जन केंद्रों पर बारदाना, गुणवत्ता निर्धारण, उपज की तौल और परिवहन की व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। अस्थायी और स्थायी भंडारण की व्यवस्था, गोदामों में उपज का सुरक्षित भंडारण और वित्तीय प्रबंधन पर जोर दिया गया।

### किसान संगोष्ठी का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत क्षार खुरपा नरसिंहपुर में शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड कम्पनी द्वारा कम्पनी के कृषि अधिकारी राममोहन कौरव, शंकर राजपूत, दिनेश नोरिया ग्रुप लीडर द्वारा कियोस्क प्रोग्राम के माध्यम से कम्पनी के उत्पादो के बारे में विस्तार से जानकारी तथा किसानो को यह बताया गया डि जैविक खेती से होने वाले लाभ तथा रासायनिक खेती द्वारा होने वाले दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया गया।

# शक्कर मिल में किया नुक्कड़ नाटक, निकाली रैली



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अभ्युदय लोक सेवा संस्थान द्वारा विश्व एड्स दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत शक्करमील छिंदवाड़ा में प्रोजेक्ट डारेक्टर स्वेतल जैन के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स क्या है इससे कैसे बचा जा सकता है की जानकारी दी गई व रैली निकाली गई।

परियोजना प्रबन्धक सुनील बंदेवार, काउंसलर इरशाद, दीपक कुमार चोरिया के नेतृत्व में किया गया, सुनील बन्देवार ने इस वर्ष की थीम अधिकारों का मार्ग अपनाए मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार से अवगत कराया गया। एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति से हांथ मिलाने साथ खाना खाने, एक शोच उपयोग करने आदि से एच.आई.वी. नहीं होता है।

काउंसलर इरशाद ने आई.सी.टी.सी. केंद्र की जानकारी दी जहां पर निशुल्क और गुप्त एचआईवी टेस्ट होता है। एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति को तुरंत ए.आर.टी. से लिंक करा दिया जाता है जहां से उसे हर माह नि:शुल्क दबाई दी जाती है जिसे 24 घंटे में एक बार लेना होता है, यदि संक्रमित व्यक्ति द्वारा नियमित दवा का सेवन करता है तो अपना जीवन जी सकता है।

इसके बाद शक्कर मील में रैली निकाल कर जन समुदाय को भी इसकी जानकारी दी गई इसके उपरांत सभी को शपथ भी दिलाया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ओ.आर.डब्लू. पदमा ठाकरे, नीतू शेंडे, जितेन्द्र नायकवार, सरोज भोंडे, ममता डोले, माखन यादव, कमला पंद्राम, अंजू सोनी, पंकज नागले, ज्योति साहू, सरला धुर्वे, स्वप्निल राउत, दामिनी, शालू, सहीरा, यास्मिन कोसर आदि का सहयोग रहा।

# स्वास्थ्य शिविर में 539 मरीजों का उपचार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में 74 वा स्वास्थ्य शिविर चौरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कपूर्दा में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 610 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 539 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गये 71 गंभीर मरीजो को रेफर किया गया।

शिविर में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक रमेश दुब, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, रोगी कल्याण समिति के सदस्य चंद्र कुमार (चंदू जैन) मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी, रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

चौरई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बिछुआ मंडल के ग्राम खमरा में आज 75 वां स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत नागरे ने क्षेत्र के नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जांच कराकर इलाज कराने की अपील की है।

# उरधन ग्राम पंचायत सचिव को नोटिस

**परासिया, देशबन्धु।** जनपद पंचायत परासिया की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उरधन सचिव सुशील कुमार शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी किया है नोटिस में एक पति की मौत हो जाने पर दो पत्नियों को पेंशन देने के मामले में नियम विरुद्ध लाभ देने के बारे में कहा गया है अपात्र को लाभ देने को लेकर सचिव को जारी नोटिस में तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत देने को कहा है अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जावेगी और अन्य सचिवों को भी नोटिस दिया जा रहा है।

# नाग दीपावली पर विविध कार्यक्रम छह को

## शिव गजानन मंदिर में होगा मुख्य कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मानवों की दीपावली, इसके उपरांत देवों की दीपावली एवं सनातनी परंपरा में अब नाग दीपावली को आयोजित करने का सौभाग्यपूर्ण अवसर छिंदवाडा को प्राप्त हो रहा है। गजानन गुणगान मंडल के संचालक आनंद बक्षी ने बताया कि शुक्ल पक्ष की पंचमी को नागदीपावली दिनाँक 6 दिसंबर दिन शुक्रवार को विवेकानंद कालोनी स्थित शिव गजानन मंदिर में दिव्य रूप से मनायी जायेगी।

यह उल्लेखनीय है कि संपूर्ण मध्यप्रदेश में छिंदवाड़ा शहर को यह सौभाग्य प्राप्त है कि पिछले अनेक वर्षो से नाग दीपावली का उत्सव आयोजित किया जाता है। संत गजानन गुणगान मंडल द्वारा मंदिर के मूर्ति स्थापना दिवस पर नाग दीपावली के अवसर पर 6 दिसंबर को प्रात: 7.30 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार से देवी देवताओं का अभिषेक किया जायेगा। इस पूजन में विशेष तौर से सर्पराज वासुकी, सर्पदेवता गूगाजी एवं नागराज तथा मंदिर में प्रकट स्वयंभू भगवान नागराज का पूजन किया जायेगा।

सनातन परम्परा की गौरवशाली मान्यताओं के अनुरूप नाग दीपावली पर्व में मातृ शक्ति द्वारा वंशवृद्धि एवं संतान की सुख समृद्धि तथा उत्तरोत्तर प्रगति की कामनाओं के साथ घी युक्त दीप भगवान के चरणों में प्रज्जवलित किये जाते हैं।

शिव गजानन मंदिर में शाम 5.00 बजे से दीपदान किया जायेगा। संत गजानन गुणगान मंडल द्वारा इस अवसर पर प्रत्येक घर से पाँच दीप अथवा मनोकामना दीप प्रज्वलित कर नाग दीपावली का यह उत्सव आयोजित किया जाता है। संत गजानन गुणगान मंडल के संजय औरंगाबादकर, रजनीकांत वाजपेयी, सुभाष स्मार्त, श्रुति सांइखेड़कर, किशोर तातेकर, आदि।

# खेल में दिव्यांगों ने दिखाया अपना हुनर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम ओलिंपिक स्टेडियम ग्राउंड छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिले भर से शामिल हुए दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का पूरी निर्भीकता और आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था, जिसमें जिले के दिव्यांग विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में जिलेभर के कुल 210 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुए और उनके अभिभावकों और शिक्षकों ने भी कार्यक्रम का आनंद उठाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल एवं समूह गायन नृत्य, मिमिक्री व फैशन शो आदि प्रतियोगितायें संपन्न कराई गईं। जिसमें नशा मुक्ति पर आधारित नृत्य ने सभी को जागरूक किया। दिव्यांग बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता में 50 व 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, रंगोली, चित्रकला व मेहंदी प्रतियोगितायें भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केंद्र, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालिक निगम के महापौर विक्रम अहके की उपस्थिति में किया गया, जबकि कार्यक्रम का समापन कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह और सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कलेक्टर श्री सिंह और सी.ई.ओ. जिला पंचायत श्री कुमार ने दिव्यांग बच्चों को पुष्प गुच्छ और पुष्प हार से सम्मानित किया और उनके द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भूरि-भूरि सराहना की।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों द्वारा यहां दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां यह बताती हैं कि उनमें कितनी क्षमताएं हैं। दिव्यांग बच्चों में विशेष प्रतिभाएं होती हैं, हमें केवल उन्हें पहचानने की जरूरत है। अभिभावक और शिक्षक इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। किसी भी अभिभावक को निराशा के भाव में आने की जरूरत नहीं है, कि उनका बच्चा दिव्यांग है, बल्कि बच्चे की विशेष प्रतिभा को पहचान कर उसे आगे बढ़ाने के लिए बच्चे में आत्मविश्वास पैदा करने की आवश्यकता है। जिस भी क्षेत्र में बच्चे की रुचि है, दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ उसे लक्ष्य बनाने के लिए प्रेरित करें और जीवन की ऊंचाइयों को छूने में उसकी मदद करें। उन्होंने सभी दिव्यांग बच्चों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। श्री सिंह ने कहा कि पैरालंपिक में जाने के इच्छुक जिले के दिव्यांग बच्चों को आगे प्रमोट किया जाएगा। उन्हें हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे भी आगे बढ़ सकें और अपने माता-पिता, स्कूल और जिले का नाम रौशन करें इस दौरान डी.ई.ओ. और डी.पी.सी. उपस्थित थे।

# नेहा सिंह बनी जिला उपाध्यक्ष स्वाभिमान जनकल्याण शक्ति सेना महिला मोर्चा समिति की

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्वाभिमान जनकल्याण समिति, स्वाभिमान शक्ति सेना की जिला अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि (मध्य प्रदेश) महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉक्टर मीरा पराड़कर के नेतृत्व में शहर के वी.आई.पी. रोड स्थित इंडियन कॉफी हाउस में एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें डॉक्टर मीरा पराड़कर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि स्वाभिमान जनकल्याण समिति, स्वाभिमान शक्ति सेना (मध्य प्रदेश) की प्रदेश कार्यकारिणी और जिला कार्यकारिणी में नए सदस्यों की नियुक्ति के साथ-साथ नए पदाधिकारीयों की भी घोषणा की गई।

जिसमें स्वाभिमान जनकल्याण समिति, स्वाभिमान शक्ति सेना महिला प्रकोष्ठ डॉ. नेहा सिंह जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं उन से आशा की है कि आप समाज के लिए निरंतर कार्य करेंगे एवं संगठन को 1 नहीं ऊंचाई तक लेकर जायेंगे।



मुख्य रूप में संगठन प्रमुख सुरजीत सिंह ठाकुर के साथ नियुक्ति पत्र दे कर पद भार दिया गया। उपस्थित जिला अध्यक्ष कविता सरसवार एकुमारी सोनम अहिरवार जिला सचिव संगठन महिला प्रकोष्ठ के सक्रिय सदस्य सुनीता बाघ, अर्चना माहोरे, स्वाति अहिरवार, युवा जिला अध्यक्ष राजेश हिंदुजा, डॉक्टर संजय विश्वकर्मा उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में सभी को संबोधित करते हुए स्वाभिमान जनकल्याण समिति, स्वाभिमान शक्ति सेना के प्रमुख सुरजीत सिंह ठाकुर ने सभी नवनियुक्त सदस्य और पदाधिकारी का अभिनंदन कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। वहीं अन्य नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी विचार व्यक्त किया।

# श्रद्धालुओं की बस पलटी, 21 घायल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के चौरई में मंगलवार सुबह करीब सात बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। अयोध्या से लौट रही श्रद्धालुओं की बस पलटने से 21 लोग घायल हो गए, जिसमें 4 लोगों की हालत गंभीर है। हादसा चौरई के केंद्रीय विद्यालय के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सामने से आ रहे एक ट्राले ने बस को साइड से टक्कर मार दी। इससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई, बस करीब 3 से 4 बार पलटी। बस में सवार सभी यात्री छिंदवाड़ा के रहने वाले थे। वे अयोध्या दर्शन करके वापस लौट रहे थे।

घटनास्थल पर पुलिसबल के साथ पुलिस अधीक्षक अजय पांडे भी मौजूद रहे। नवागत पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य कराया। एस.पी. अजय पांडेय ने बताया कि हादसे में कुल 21 लोग घायल हैं। सभी श्रद्धालु 27 नवंबर को छिंदवाड़ा से अयोध्या के लिए निकले थे। घायलों को 108 एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल या जिला अस्पताल भेजा गया है।

हादसे की जानकारी देते हुए छिंदवाड़ा एडिशनल पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि जिस बस का एक्सीडेंट हुआ है, वह छिंदवाड़ा की राहुल बस है, जो श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या दर्शन से लौट रही थी। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक सभी घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया जा रहा है, रेस्क्यू कर सभी यात्रियों को



बाहर निकाला जा चुका है, वहीं बस अभी भी फंसी हुई है।

**घायलों की सूची :** शैलू प्रजापति 40 वर्ष, कृष्णा पवार 36 वर्ष, बबन पवार 48 वर्ष, राजू माहोर 50 वर्ष, महेश चंदेल 49 वर्ष, नितेश बैस 44 वर्ष, दिनेश कुमरे 30 वर्ष, अभिषेक ठाकुर 31 वर्ष, संजीव सेन 39 वर्ष, सत्यनारायण 38 वर्ष, दिलीप पवार 50 वर्ष, राजेश भूमर 49 वर्ष, मनीष 47 वर्ष, अजय तुर्के 34 वर्ष, अजय इश्याने 22 वर्ष और विजय 32 वर्ष सभी निवासी छिंदवाड़ा शामिल हैं।

# नये डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा, जनता को राहत देने का होगा प्रयास

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उधर मध्यप्रदेश पुलिस के नये मुखिया कैलाश मकवाना ने कार्यभार गृहण करने के बाद स्पष्ट कहा है कि पुलिस थानों में जनता की सुनवायी हो। पुलिस रिस्पाँस करें, मेरी निगाह भी इस पर रहेगी। प्रयास होगा आम जनता को राहत दिला सके।



उन्होंने प्राथमिकता गिनाते हुए बताया कि पुलिस को और बेहतर बनाने की अपनी योजनाओं को अमल में लायेंगे। मेरी प्राथमिकता पुलिस को अधिक प्रोफेशनल एवं रिस्पॉनसिव एवं अधिक अकाउंटेबल बनाना रहेगी।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस को इस बात के लिए ताकीद किया जाएगा कि वो अनुशासन में है और रूल ऑफ लॉ का पालन करें। उन्होंने कहा कि राज्य प्रशासन की प्राथमिकताऐं भी अहम रहेगी। उन पर फोकस बनाऐं रखने पर ध्यान रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रायवेट अस्पतालों पर सरकार सक्त है, मनमाने चार्ज वसूलते होंगे तो एक्शन होगा, रेट लिस्ट लगानी होगी और सी.एम.एच.ओ. की निगरानी उस पर रहेगी।

सायबर क्राईम रोकने के लिए अच्छा परफॉरमेंस कर रही है। हम सायबर फ्राड को रोकने के लिए पब्लिक में जनजागरूकता लायेंगे। पुलिस को भी अभियान चलाना चाहिए। प्रयास होगा की जनता को राहत मिल सके, पुलिस थानों में जनता की सुनवायी हो इसका ध्यान रखा जाऐं। नक्सल और नशे के खिलाफ भी पुलिस बेहतर कार्यवाही करें इसका प्रयास रहेगा।

# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण आज

## चयनित शालाओं के कक्षा-3, 6 और 9 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का होगा मूल्यांकन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** समूचे प्रदेश सहित क्षेत्र में भी 4 दिसम्बर दिन बुधवार को चयनित सेम्पल शालाओं में कक्षा-3, 6 और 9 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सर्वेक्षण हेतु चीचली विकासखंड मे 19 एवं साईंखेड़ा ब्लॉक मे 12 शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों का चयन सेम्पल शालाओं के रूप मे किया गया है। सर्वेक्षण को सफल बनाने की दृष्टि से साईंखेड़ा एवं चीचली विकासखंडो मे अलग अलग कंट्रोल रूम बनाकर उसमे शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गईं है। सर्वेक्षण हेतु शालावार नियुक्त एफआई को उनको आवंटित शाला मे सुबह 7 बजे उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है। विदित हो कि सर्वेक्षण की रिपोर्ट का केन्द्र सरकार द्वारा नीति निर्धारण में उपयोग किया जायेगा।

इस बात को ध्यान में रखते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक ने सर्वेक्षण कार्य में पारदर्शिता रखे जाने के निर्देश मैदानी अमले को दिये हैं। राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के संचालन की जिम्मेदारी एनसीईआरटी के पास है जबकि सीबीएसई को सर्वेक्षण के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दी गयी है। सर्वेक्षण के सुचारु और निष्पक्ष संचालन के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पेशल ऑब्जर्वर नियुक्त किये हैं। यह ऑब्जर्वर जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक से तालमेल रखकर सर्वेक्षण की व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। स्पेशल ऑब्जर्वर की जिलेवार नियुक्ति की गयी है। इसके साथ ही जिले में डिस्ट्रिक्ट लेवल को-ऑर्डिनेटर भी बनाये गये हैं। मैदानी अमले को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं कि जिन सेम्पल शालाओं में सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा, उन शालाओं में दर्ज विद्यार्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो।

## सार-समाचार

# अनुभूति प्रेरक प्रशिक्षण में दी जानकारी, कपड़े से थैला बनाना भी सिखाया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश ईकोपर्यटन विकास बोर्ड की मुख्य कार्यपालन अधिकारी, प्राधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी भोपाल समिता राजोरा के मार्गदर्शन में पश्चिम वन मंडल छिंदवाड़ा (सामान्य) में अनुभूति सत्र 2024-25 के लिये 08 वन परिक्षेत्रों से प्रति परिक्षेत्र 03 अनुभूति प्रेरक चयनित कर प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। बोर्ड द्वारा प्रदत्त अनुभूति दिग्दर्शिका का तामिया उपवनमंडाधिकारी एच.सी. बघेल, मास्टर ट्रेनर मोहन साहू एवं जे.पी. शिवहरे सेवानिवृत्त ए.सी.एफ. द्वारा प्रेजेंटेशन, प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया और आगामी सत्र के लिये बोर्ड द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश समझाए गए।

अनुभूति प्रेरक प्रशिक्षण के दौरान उप-वनमंडलाधिकारी एच.सी. बघेल, परासिया वन परिक्षेत्र अधिकारी परासिया अलका भूरिया, तामिया वन परिक्षेत्र अधिकारी हिमांश विश्वकर्मा जुन्नारदेव, दमुआ, देलाखारी, झिरपा, सांगाखेड़ा एवं अन्य सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी उपस्थित रहे।

अनुभूति शिविर के दौरान प्रकृति व्याख्या एवं अन्य गतिविधियों को व्यवस्थित रूप में संचालित करने के सुझाव के साथ अनुभूति ऐप पर शिविर की जानकारी को सही प्रकार से जानकारी भरते समय विशेष सावधानी रखने पर विशेष ज़ोर दिया गया। इसी के साथ अनुभूति किट में प्रदत्त खेल सामग्री, बिना सिले हुए कपड़े से थैला बनाना बताया गया। प्रेजेंटेशन के पश्चात प्रकृति व्याख्यान पथ (nature interpretation trail)का अवलोकन भी किया ।

# निलेश डेहरिया को मिल सकती है भाजपा मंडल में बड़ी जवाबदारी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आने वाले मण्डल चुनावों मैं निष्ठांवान कर्मठ कार्यकर्त्ता नीलेश डेहरिया जो वर्तमान मैं एस.सी. मोर्चा के जिला मंत्री के पद पर है उनकी स्वच्छ छवि मिलनसार होने के करण क्षेत्रीय वरिष्ठों का आशीर्वाद होने के करण तामिया मण्डल में होने वाले मण्डल चुनाव में मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी ऐसा सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि तामिया क्षेत्र में निष्ठावान कार्यकर्ता होने के नाते उनका हक बनता है ऐसा भी संगठन के सदस्यों का मानना है। देखना यह है कि चुनाव में किस तरह जिम्मेदारी दी जाती है यह तो समय बताएगा लेकिन अपने कर्तव्यों के प्रति निलेश डेहरिया सजग है।

# मक्के के ओवरलोड ट्रकों से परेशानी

**परासिया, देशबन्धु।** शहर में रेलवे स्टेशन पर मक्का रेंक पाईट पर मक्का की अनलोडिंग होता है लगातार यह शिकायत मिल रही है कि मक्के ट्रक ओवरलोड होते हैं वहीं रोज़ जाम की स्थिति बनती है वहीं ओवर लोड ट्रकों के जिसके कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है सबसे ज्यादा व्यस्त रहने वाली स्टेशन रोड पर ही ओवरलोड मक्के के ट्रकों की अवाजाही होती है यहां पर अधिकांश रूप से प्राइवेट अस्पताल स्टेशन भी है बड़े व्यापारी प्रतिष्ठान भी है, लोगो के धर भी है इन ट्रकों के कारण कई बार दिन में जाम की स्थिति बन जाती है जिससे आए दिन वाद विवाद की स्थिति बन जाती है वहीं स्टेशन रोड की हालत भी बहुत खराब है वह रोड ट्रैकों के कारण लगातार स्टेशन रोड की सड़के भी खराब हो गई। नगर के लोगों ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत कर मांग की है कि इन मक्के के ओवरलोड ट्रकों से आमजन जीवन अस्त व्यस्त हो गए हैं लोग को भारी परेशानी हो रही है

# बगैर पिता के जरूरतमंद बच्चों को खुशियां बांटने का संकल्प

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** सोमवार को नटनी माई क्षेत्रीय सेवा समिति अमरवाड़ा की बैठक संपन्न हुई। आगामी वर्ष में सवा सौ बगैर पिता के जरूरतमंद बच्चों को खुशियां बांटने का संकल्प लिया गया।

समिति के संरक्षक बालकिशन साहू ने बताया कि उनकी समिति द्वारा गत वर्ष केवल 30 जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, गर्म स्वेटर, स्कूल जूते मोजे, पानी बाटल भेंट की गई थी। लेकिन जरूरतमंद छात्र-छात्राओं की आवश्यकताओं को ध्यान रखते हुए समिति ने आगामी वर्ष में 100 जरूरत छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

इसमें शासकीय कन्या उ.मा.वि. अमरवाड़ा, उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल स्कूल पौनार, घोघरी, बारहहीरा से 10-10 छात्र-छात्राएं व ज्ञानदीप उ.मा.वि. से भी 10 व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनपुर, हिर्री, लहगडुआ, लछुआ, मरकावाड़ा, सालीवाड़ा, शारदा, करबडोल, सिविल लाईन अमरवाड़ा में अध्ययनरत 5-5 जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को गर्म स्वेटर स्कूल बैग जूते मोजे भेंट किए जाने व क्षेत्र की 25 जरूरतमंद ऐसी बेटियां जिनके पिता नहीं है को उनकी शादी में 15,000/- रूपये मूल्य की गृहस्थी की सामग्री जिसमें बड़ी गोदरेज आलमारी, स्टील बर्तन स्टैंड, स्टील टंकी, स्टील गुंडी, किचिन जर्मन डिब्बा आदि अन्य सामग्रीयों को सांसद छिंदवाड़ा विवेक बंटी साहू, कमलेश शाह विधायक अमरवाड़ा सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं समिति के सम्मानित बुजुर्गजनों सदस्यों के कर कमलों से भेंट किए जाने का निर्णय लिया गया।

क्षेत्रवासियों से इस समिति से जुड़ने का आग्रह भी किया गया ताकि अधिक से अधिक दीन-हीन, बेसहारा, जरूरतमंद बेटा-बेटियों की मदद कर उनके जीवन में रंग भरने का प्रयास जारी रखा जा सके।



# जनसुनवाई में आए 185 आवेदन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 185 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पी एम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, अनुकंपा नियुक्ति दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया।

जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम छुआदेही के राजेश जैन ने ग्राम पंचायत छुआदेही में सचिव के रिक्त पद की पूर्ति कराने, ग्राम पिपरिया राजगुरू के दिलीप कहार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पंचायत गौरपानी के समस्त ग्रामवासियों ने ग्राम में जलजीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन एवं पानी टंकी निर्माण कार्य कराने, जुन्नारदेव निवासी लेखराम साहू ने जमीन का नक्शा दुरूस्त कराने, ग्राम सांख जटामा के शंकरलाल विंझाड़े ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, ग्राम धनौरा गोसाई के मोहन पाल ने राजस्व रिकॉड में नाम दर्ज कराने, ग्राम बीझावाड़ा निवासी प्रवीण साहू ने जमीन नामांतरण कराने, ग्राम बीजागोरा निवासी संतकुमार ने खेत में अनावेदक द्वारा किये कब्जे को हटाने, ग्राम माल्हनवाड़ा के शंकर माहोरे ने मकान का पट्टा दिलाने, खिरसाडोह निवासी सुरेश डेहरिया ने कर्मकार मंडल योजना के कार्ड का नवीनीकरण कराने, तामिया के ग्राम छिंदी के फरमान खान ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, चांदामेटा निवासी अंकित ओमरे ने पीडब्ल्यूडी से पेमेंट दिलाने, ग्राम पौनार निवासी जेठू चौरे ने वृध्दावस्था पेंशन दिलाने, छिंदवाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक-12 की फरजाना मंसूरी ने गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने, सोनपुर रोड महादेव कॉलोनी निवासी परिधी जावरिया ने जाति प्रमाण पत्र बनाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, एडीएम के.सी. बोपचे, संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर, एसडीएम सुधीर जैन, डिप्टी कलेक्टर रमेश कुमार मेहरा आदि।

# गुमठी व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गुमठी एवं फुटकर व्यापारी संघ ने व्यवस्थापन की मॉग करते हुये मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा दी जा रही समाचार पत्रों में भ्रामक या भ्रम फैलाने वाली गलत जानकारी है, जिससे शोषित, पीड़ित व्यापारीगण आक्रोषित है और पुराना चीर घर में पक्की दुकानें आवंटित होने तक यथावत व्यवस्थापन करने की मॉग कर रहे हैं।



व्यापारी संघ के अध्यक्ष अरविंद यादव पत्रकार ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर सौंदर्यीकरण के नाम पर वर्ष 1993-94 में नगर सुधार न्यास द्वारा 25-25 हजार रूपये प्रीमियम जमा कराया गया और यूनियन बैंक से ऋण उपलब्ध कराते हुए लोहे की गुमठियॉ व्यवसाय हेतु शहर के विभिन्न स्थानों में आवंटित की गई और 100-100 रूपये किराया भी लिया गया। किन्तु वर्ष 2002 में विभिन्न क्षेत्र में गुमठीधारी एवं फुटकर व्यापारी को जिला प्रशासन ने अतिक्रमणकारी बताकर हटा दिया गया, जिसका व्यापारी संघ ने पुरजोर विरोध कर आंदोलन किया, जिस पर जिला प्रशासन ने समस्त व्यापारी को पुराना चीरघर में अस्थाई व्यवस्थापन दिया गया, तब से व्यापारी संघ ने निर्माण लागत में पक्की दुकानें बनाकर देने की मॉग करता रहा ।

किन्तु वर्ष 2014 उन्हे पुराने चीरघर से उठाने का नोटिस दिया गया जिसके विरोध में गुमठी एवं फुटकर व्यापारी संघ का अनिश्चितकालीन धरना 3 माह तक चलता रहा। उक्त धरना आंदोलन को समाप्त करने की पहल जिला प्रशासन ने करते हुए आश्वासन दिया की प्रमुख सचिव राजस्व म.प्र. शासन भोपाल के नाम का पत्र व्यापारी संघ को देते हुये पक्की दुकानें आवंटित होने तक व्यापारियों की मॉग के अनुसार आश्वासन मिलने पर व्यापारी संघ ने शासन-प्रशासन को सहयोग की बात की।

वर्ष 2002 से 2024 तक 22 वर्ष बीत चुके हैं। आज तक गुमठी एवं व्यापारीगण पक्की दुकानों की बाट जोह रहे हैं। विगत् 29 नवंबर 2024 को नगर पालिका प्रशासन ने अचानक सर्वे करा लिया जिसमें कई व्यापारियों के नाम छोड़ दिये गये किसी के यहॉ गयी, कोई अस्पताल में 10-12 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, और अन्य कारणों से भी गुमठी बंद पाए जाने के कारण सर्वे में नाम काट दिया गया, अनुचित एवं असंवैधानिक है ऐसे सर्वे का गुमठी व्यापारी संघ कड़ा विरोध करता है।

30 नवंबर 2024 को अनुविभागीय दंडाधिकारी से चर्चा के द्वारा पता चला कि पुराना चीरघर से व्यापारियों को हटाने की कार्यवाही की जा सकती है । जिससे शोषित-पीड़ित व्यापारीगण भयभीत एवं आक्रोषित है ।

अत: संघ द्वारा स्थानीय सांसद विवेक बंटी साहू, भाजपा नेता एवं जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, भाजपा नेता, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना से पक्की दुकानें आवंटित कराने तक पुराने चीरघर में व्यवसाय कराने की मॉग की गई ।

गुमठी एवं फुटकर व्यापारी संघ की मॉग है कि जिला प्रशासन ने 2014 में 106 व्यापारी की सूची बनायी है, समस्त गुमठी व्यापारी संघ को सौंपी जाए और शहर के अन्य व्यापारी को 250 दुकानों बनाकर दी जाए, गुमठी एवं फुटकर व्यापारी को निर्माण लागत मूल्य पर दुकानें देने के साथ ऋण सुविधा उपलब्ध करायी जाये।

इस एक दिवसीय धरना आंदोलन एवं ज्ञापन कार्यक्रम में व्यापारी संघ के अध्यक्ष अरविन्द यादव, राजेश डोले, रफीक खान, मोहसिन खान, सुनील खटवानी, रूपेश चौरे, अतीक खान, सागर बंदेवार, बबलू बंदेवार, मुबारक खान सहित सैंकड़ों व्यापारी उपस्थित हुए ।

# स्वीप गतिविधि कैलेंडर के अनुसार 18 वर्ष के हो चुके विद्यार्थियों के साथ परिचर्चा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 हेतु स्वीप गतिविधि कैलेंडर के अनुसार सोमवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा में प्रो. महेंद्र साहू (स्वीप नोडल अधिकारी), डॉ. निधि डोडानी की निगरानी में (कैंपस एंबेसडर) संकल्प विश्वकर्मा और भूमिका धुर्वे के नेतृत्व में गतिविधि कैलेंडर के अनुसार 18 वर्ष के हो चुके विद्यार्थियों के साथ परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमे स्वीप गतिविधि नोडल अधिकारी प्रो. महेन्द्र साहू ने 18 वर्ष के हो चुके महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं को जागरूक करते हुए सभी को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और वोटर कार्ड बनवाने के लिए कहा गया। इस अवसर पर छात्र विशाल सलामे, अंकित बंदेवार, अमित कुमार, योगेश डेहरिया, मुस्कान डोले, ज्योति अहिरवार, अंशिका सिंघारे, नीतू यादव, चांदनी यादव ने सहयोग दिया।

# चांदामेटा बुटरिया में 50 लाख के कार्यों का किया गया भूमिपूजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 03 दिसम्बर 2024 को नगर परिषद चांदामेटा बुटरिया कायाकल्प योजना 2 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 03, 05, 07 एवं 10 में सी.सी. रोड निर्माण लागत 49.00 लाख रू का भूमिपूजन विधायक सोहन बाल्मीक द्वारा किया गया।